# चाकसू में खुलेगा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन पंचकर्म

## चर्चा में क्यों?

- 4 सितिंबर, 2023 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर ग्रामीण ज़िले के चाकसू में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन पंचकर्म की स्थापना के लिये 40 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की।

## प्रमुख बिंदु

- चाकसू में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन पंचकर्म की स्थापना से पंचकर्म के क्षेत्र में अधिक उत्कृष्टता के साथ कार्य हो सकेगा।
- पूर्व में राज्य सरकार द्वारा जोधपुर में इंटरनेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन पंचकर्म के संचालन की स्वीकृति भी दी जा चुकी है।
- उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने बजट वर्ष 2023-24 में चाकसू में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन पंचकर्म खोले जाने के लिये घोषणा की थी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/centre-of-excellence-in-panchakarma-will-open-in-chaksu